मेट्रो 3 कॉरिडोर के 11 स्टेशन 85 प्रतिशत तैयार

■ **वसं, मुंबईः** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने मेट्रो 3 कॉरिडोर के 26 स्टेशनों में से 11 स्टेशनों का निर्माण कार्य करीब 85 प्रतिशत तक पूरा कर लिया है। सिविल वर्क तेजी से पूरा करने के साथ ही स्टेशन परिसर पर उपकरण लगाने के काम की भी शुरुआत हो गई है। 2022 के शुरुआती 4 महीने में कॉरिडोर के 11 स्टेशनों का सिविल वर्क पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुंबई में कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है।

स्टेशन निर्माण के मामले में कॉरिडोर के आरंभ और अंत के स्टेशन सबसे आगे हैं। एमएमआरसीएल द्वारा जारी आकड़ों के मुताबिक, एमआईडीसी मेट्रो स्टेशन सबसे अधिक 88 प्रतिशत तक बनकर तैयार हो चुका है। सीप्ज और विधान भवन स्टेशन 86-86 प्रतिशत तक बन कर तैयार हो चुके हैं।

मरोल नाका, कफ परेड और सिद्धिविनायक स्टेशन 84 प्रतिशत, चर्चगेट 83 प्रतिशत और हुतात्मा चौक स्टेशन 82 प्रतिशत तक बनकर तैयार हो गए हैं। मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी,



■ स्टेशन परिसर में लगने लगे उपकरण

■ अप्रैल 2022 तक 11 स्टेशनों का सिविल कार्य हो जाएगा पूरा

वर्ली, सहार रोड, डॉमेस्टिक एयरपोर्ट स्टेशन 80 से 85 फीसदी बन कर तैयार हो चुके हैं। सीएसएमटी, दादर, साइंस म्यूजियम, शीतलादेवी, धारावी, बीकेसी, विद्यानगरी स्टेशन 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक बनकर तैयार हो गए हैं।

कॉरिडोर के निर्माण कार्य की शुरुआत अलग-अलग चरणों में की गई थी। शुरुआती और अंत के स्टेशनों से भूमिगत मार्ग तैयार करने के लिए खुदाई के काम की शुरुआत की गई है, जिन स्टेशनों के सिविल वर्क करीब 90 प्रतिशत पूरे हो चुके हैं, यह सभी शुरुआती व अंत के स्टेशन हैं। स्टेशन निर्माण के साथ ही मार्ग पर जापानी पटरियां बिछाने का काम भी चल रहा है। 2021 मार्च से ट्रैक बिछाने के काम की शुरुआत की गई थी, अब तक 11 किमी से अधिक ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। भूमिगत मार्ग पर देश के सबसे हाईटेक ट्रैक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जापान से लाया गया यह ट्रैक देश में इस्तेमाल हुए अन्य ट्रैक से 20 गुना कम कंपन के साथ ही आवाज भी कम करता है। 33.5 किमी मार्ग के लिए अप और डाउन दिशा को मिलाकर कुल 66.07 किमी तक ट्रैक बिछाए जाने हैं। पूरे मार्ग पर करीब 10,745 मैट्रिक टन ट्रैक का इस्तेमाल किया जाएगा।

मौजूदा समय में कोलाबा से सीप्ज के बीच सीधे रेल सेवा नहीं है। इस रूट पर रोजाना हजारों लोग रोजगार, इलाज और पढ़ाई समेत अन्य कार्यों के लिए सफर करते हैं। कॉरिडोर के आरंभ होने से इस रूट का सफर घंटों के बजाय मिनटों में पूरा करना संभव होगा।

इन स्टेशनों पर हुआ काम (प्रतिशत में)

कफ परेड	84	सिद्धि विनायक	84
विधान भवन	86	दादर	74
चर्चगेट	83	शीतला देवी	63
हुतात्मा चौक	82	धारावी	78
सीएसएमटी	80	बीकेसी	76
कालबा देवी	33	विद्यानगरी	78
गिरगांव	33	सांताक्रुज	79
ग्रांट रोड	48	सीएसएमआइए (डी)	79
मुंबई सेंट्रल	80	सहार रोड	79
महालक्ष्मी	79	सीएसएमआइए (आई)	80
साइंस म्यूजियम	77	मरोल नाका	84
आचार्य अत्रे चौक	53	एमआईडीसी	88
वर्ली	76	सीप्ज	86